nandgaon times sep-01-3.qxd 8/31/2024 10:33 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

रविवार, 01 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 318, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए






।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक : राज्यपाल

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का 5वां दीक्षांत समारोह, 64 विषयों में 92 गोल्ड मैडल और 48 विद्यार्थियों को पी.एच.डी. की उपाधि से नवाजा गया



**रायपुर।** महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 5वां दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने 64 विषयों में विद्यार्थियो को 92 गोल्ड मेडल तथा 48 को पी.एच.डी. और 35 हजार 291 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रशांत कुमार मिश्रा शामिल हुए। उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था में अमूल्य योगदान पर पी.एच.डी. की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में इससे पहले दीक्षांत समारोह शोभायात्रा निकाली गई। दीक्षांत समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्री अमर अग्रवाल, श्री धरम लाल कौशिक, श्री धरमजीत सिंह, श्री सुशांत शुक्ला, श्री अटल श्रीवास्तव एवं श्री दिलीप लहरिया शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार और मासिक पत्रिका अटल दृष्टि का विमोचन किया। कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक है। वे ऐसे स्थान है जहां इतिहास संरक्षित किया जाता है। साहित्य का विश्लेषण किया जाता है। आप अपनी पढ़ाई के माध्यम से विचार के विविध क्षेत्रों में जुड़ रहें है मानवता के बारे में आपकी विचार को समृद्ध किया जा रहा है। भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दूरदर्शिता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका उद्देश्य युवाओं को तेजी से गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के लिए कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करना है। छत्तीसगढ़ के लिए यह नीति प्रगतिशील सुधारों की लहर लाती है, जो हमारे शैक्षणिक संस्थानों पर गहरा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को न केवल उभरते हुए रूझानों और प्रौद्योगिकी के प्रति गतिशील और उत्तरदायी बनाना चाहिए बल्कि इसमें भारतीय परंपरा की समृद्ध विरासत भी शामिल होनी चाहिए। हम मिलकर एक उच्च शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर सकते हैं, जो न केवल हमारे छात्रों की जरूरतों को पूरा करेगी बल्कि हमारे राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश विकसित भारत/2047 के संकल्प हेतु क्रियाशील है, हम भी प्रदेश में विकसित छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। मैं आश्वस्त हूँ कि इस दीक्षांत समारोह के बाद इस संस्थान के प्रतिभाशाली युवा अपनी रूचि के क्षेत्रों में अपना और अपने विश्वविद्यालय का नाम रौशन करते हुए इस संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह विश्वविद्यालय अपने नवाचारों से एक उदाहरण बनता जा रहा है। मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के अंतर्गत विश्वविद्यालय को 20 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जो प्रशंसनीय है तथा इससे विश्वविद्यालय की अधोसंरचना का विस्तार होगा और यहां उच्च शिक्षा का स्तर और भी उन्नत होगा। हमें तक्षशिक्षा, नालंदा जैसे भारतीय परपंरा के विशिष्ट विश्वविद्यालय को अपना आदर्श मानते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में प्रोत्साहन देना है। भारत हमेशा से ज्ञान के क्षेत्र में विश्वगुरु रहा है। हमें पुन: विश्वविद्यालयों को उस प्रतिष्ठा तक पहुँचाने में प्रयासरत होना है। हमें वही प्रतिष्ठा फिर से अर्जित करने के लिए हमारे शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विख्यात विशेषज्ञों द्वारा लंबे और व्यापक विचार विमर्श के बाद बनाई गई है। यह शिक्षा नीति भावी परिदृश्य को ध्यान में रख कर बनाई गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का टापू बनकर न रहे, समाज से सरोकार रहे, समाज एवं राष्ट्र में विश्वविद्यालय का योगदान हो तथा निरंतर शोध कार्य हो। आधुनिक युग में युवा पीढ़ी शिक्षित तो हो रही है परन्तु उन्हें संस्कारों से जोड़ने की जिम्मेदारी भी हमारी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी विशेष संस्कृति के लिए जाना जाता है, अत: छात्रों को संस्कार



और संस्कृति के संरक्षण मूलक शिक्षा देने की व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय का तेजी से विकास हुआ है इसे भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ द्वारा अकादमिक और प्रशासनिक विकास केन्द्र के रूप में मान्यता दी गई है जो विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा के साथ-साथ कानूनी क्षेत्र में भी विकास और उन्नति के अवसर खोलती है। कार्यक्रम को केन्द्रीय शहरी राज्य विकास मंत्री श्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने दिया।

# आज राजनांदगांव अडिटोरियम में भव्य यादव मेला का आयोजन











### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी आयेंगे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर जिला सर्व यादव समाज राजनांदगांव के तत्वाधान में 3 दिवसीय ऐतिहासिक आयोजन के पहले दिन बाईक रैली,दूसरे दिन उज्जैन महाकाल यात्रा के तर्ज पर श्री कृष्ण पालकी यात्रा 21 झाँकियों के साथ विशाल शोभा यात्रा के बाद आज रविवार को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व यादव गौरव सम्मान के साथ विशाल यादव मेला का आयोजन पद्म श्री गोविंद राम निर्मलकर अडिटोरियम राजनांदगांव में रखा गया है जिसमें जिला के साथ-साथ पड़ोसी जिला के भी स्वजातीय यादव बंधु गण अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय देंगे। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री मा.विष्णु देव साय जी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डॉ.रमन सिंह जी करेंगे। विशेष अतिथियों में माननीय संतोष पांडे जी सांसद,मा. मधुसूदन यादव जी पूर्व सांसद,पद्म श्री फुलबाशन यादव जी,पवन दागा जी समाज सेवी आदि भी उपस्थिति देंगे। विशाल यादव मेला के आयोजन में बच्चों के लिए 5 प्रकार के झूलों का लगना चालू हो गया है जिसमें मिंकी माउस,जंपिंग,ढेलवा गोल झूला,राइचुली झूला आदि होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ संस्कृति के मेला-मंढ़ई के पहचान की झांकियाँ भी देखने को मिलेंगे यह अपने आप में एक अलग आयोजन होगा। बच्चों के खिलौने, बेलून, मिठाई आदि भी मिलेंगे। इस यादव मेला में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे भगवान श्री राधा कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना के साथ होगा। इसी के साथ मूंदरि सांस्कृतिक संस्था बालोद व स्वजातीय बच्चों के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे व इसी मंच से कलाकार यादव गौरव सम्मान से सम्मानित भी होंगे। जिला के समस्त स्वजातिय बंधु गण अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय देंगे।

# आयुष ग्राम आमाटोला में निशुल्क आयुर्वेद शिविर का आयोजन



**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** आयुष ग्राम आमाटोला में शासकीय आयुर्वेद औषधालय 31 अगस्त को निशुल्क आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांडेय के मार्गदर्शन में एक दिवसीय नि:शुल्क मासिक स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में ग्रामीणों ने जमकर लाभ उठाया, साथ ही अपनी समस्याओं को आयुर्वेदिक सुविधा के माध्यम से डॉक्टरों से बात कर समस्या का समाधान किया, उक्त शिविर में सरपंच श्रीमती सुखांतिन कस्तूरे, ग्राम सचिव राजेश वैध एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण अपनी उपस्थिति देकर लोगों को आयुष पद्धति से उपचार कर स्वास्थ्य लाभ लेने को कहा। शिविर में डॉ. इकबाल ने लोगों को आयुष चिकित्सा संबंधी जड़ी बूटी एवं इसका खेती करने के लिए प्रेरित किए। गांव के संतोष भारद्वाज ने आयुष ग्राम अंतर्गत चंदन लगाने एवं अन्य जड़ी बूटी की खेती करने को सहमती दिए।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा महाराणा प्रताप मंगल भवन का विस्तारीकरण पश्चात् लोकार्पण कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह (पं.क्र. -1282) उपसमिति राजनांदगाँव का महाराणा प्रताप



मंगल भवन का विस्तारीकरण पश्चात् लोकार्पण कार्यक्रम दिनांक 01 सितम्बर 2024 दिन- रविवार, शिव चतुर्दशी को अतिथियों एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में होने जा रहा है। केन्द्रीय मीडिया प्रमुख ठाकुर आदर्श सिंह ने बताया कि अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवल एवं अतिथियों का सम्मान, प्रतिभावन बच्चों का परिचय व सम्मान, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- मान. डॉ. रमन सिंह जी (विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक राजनांदगाँव), अध्यक्षता महासभा श्री बजरंग सिंह बैस जी, सांसद श्री संतोष पांडे जी, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा जी, पूर्व अध्यक्ष महासभा श्री होरी सिंह, अध्यक्ष उपसमिति लोकेन्द्र सिंह भुवाल जी एवं अन्य पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, महिलामंडल, युवामंडल सभी से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई । कार्यक्रम दिनांक - 01 सितम्बर 2024 दिन रविवार, समय - दोपहर 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक स्थान- महाराणा प्रताप मंगल भवन, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चिखली राजनांदगांव (छ.ग.) में आयोजित किया जायेगा ।

# नगर पंचायत के नए सीएमओ विनम्र जेमा होंगे

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शासन द्वारा नगरी क्षेत्र में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा ने कर्मचारियों का ट्रांसफर आदेश निकल गया है जिसके अनुसार यहां पदस्थ प्रभारी सीएमओ दादू सिंह पाल को नगर पंचायत चारामा भेजा गया है वही नगर पंचायत डोंगरगांव में लेखपाल के पद पर पदस्थ विनम्र जेमा को प्रभारी सीएमओ बनाया गया है इससे पहले लेखपाल विनम्र जेमा का सम्मान पद नगर निगम राजनाथगांव में स्थानांतरण आदेश निकल गया था जिसमें संशोधन करते हुए नया आदेश निकाला गया है जिसमें उन्हें स्थानीय निकाय में सीएमओ पद की जिम्मेदारी दी गई है।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव का प्रथम दिवस सम्पन्न





**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दो दिवसीय जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव का प्रथम दिवस सांकरदाहरा में सफलता के सम्पन्न हुआ। अयोजन में प्रात: श्री सत्यनारायण जी की स्थापना पं. शतानंद दुबे के मंत्रोच्चार व मानस दंपति तामेश्वर प्रसाद साहू व टेलेश्वरी साहू कबीर मठ नादिया के माध्यम से संपन्न हुआ।ध्वजारोहण कबीर मठ नादिया आश्रम के संतो के द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् उद्घाटन समारोह में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में सगुण और निर्गुण के आश्रय से ईश्वर को प्राप्त करने को तुलसी का मार्ग बताया। उन्होने कहा कि सगुण निर्गुण में कोई भेद नहीं है। धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब ने तुलसी जी के जीवनी अपने विचार रखे व आचार्य मंगल साहेब ने कहा कि हमे सदेव सही मार्ग में चलने का प्रयास करना चाहिए जो त्रुटि हुई उससे सीखना चाहिए। संरक्षक कुलबीर छाबड़ा जी ने कहा कि हमे रामायण को हर घर में पहुंचाने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि हमने मानस की प्रतियां बांटने की तैयारी कर ली है। इसके पश्चात मानस वंदना आदर्श महिला भजन मंडली द्वारा किया गया प्रथम दिवस के इस आयोजन में हरिदास मानस मंडली तुमडीबोड, श्रीराम भक्त मानस मंडली सोरीटोला, जय मां बंजारी मानस मंडली कल्लू बंजारी, संत मिलन मानस मंडली लखोली, कबीर मानस मंडली रातापायली का मानस पाठ व पं. सुरेन्द्र दुबे द्वारा मानस सत्संग प्रवचन किया गया। उक्त आयोजन में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला राजनांदगांव, विकासखण्ड डोंगरगांव श्री राम आदर्श मानस प्रचार समिती कबीर मठ नादिया का सहयोग रहा। यह दो दिवसीय आयोजन 1 सितंबर तक होगा।

# संयोग का राज्य शालेय हैंडबॉल में चयन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर का एक होनहार छात्र संयोग दीक्षित पिता पंडित राजलोटन दीक्षित 1 सितंबर से जांजगीर-चांपा में



आयोजित 24 वे राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेंगे उसका चयन और हेंडबाल में संभव स्तर का बेहतर प्रदर्शन के बाद किया गया है शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक जिला संभाग स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेल स्पर्धाओं के बाद राज्य स्तरीय खेल इस स्पर्धा आयोजित किया जा रहा है अलग-अलग विधाओं कि राज्य स्तरीय स्पर्धा शहरों में आयोजित की जा रही है कुछ विधाओं की खेल स्पर्धा एक सितंबर से जांजगीर चांपा में आयोजित की जा रही है इनमें कुश्ती हैंडबॉल सॉफ्टवेयर इत्यादि स्पर्धा है जो विभिन्न आयु वर्ग में बालक बालिकाओं दोनों के लिए आयोजित की जा रही हैं इन्ही स्पर्धाओ मे से हेंडबालक बाल 19 वर्ष वर्ग में नीरज विद्या मंदिर मोहड़ डोंगरगांव में कक्षा 11वीं में अध्यनरत संयोग का भी बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है संयोग 1 सितंबर को सुबह टीम के सभी सदस्यों के साथ जांजगीर चंपा रवाना होंगे।

# 24वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए जिले से एक मात्र खिलाड़ी अथर्व सिंह का चयन





**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए केसीजी जिले से अथर्व सिंह का चयन।। वे 24वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता 1सितम्बर से 4 सितम्बर तक अंबिकापुर (सरगुजा) में आयोजित होगी।।जिसमें दुर्ग शिक्षा संभाग की टीम में जिला केसीजी के वेसलियन इंग्लिश मिडियम के कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्र फुटबॉल खिलाड़ी अथर्व सिंह पिता अभिलेख सिंह का चयन जिला बालोद में आयोजित संभागीय प्रतियोगिता से राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु दुर्ग संभाग की टीम में हुआ।। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु टीम जनरल मैनेजर किशोर मेहरा जिला क्रीड़ा अधिकारी बालोद के नेतृत्व में 30 अगस्त को दुर्ग अंबिकापुर ट्रेन से रवाना हुए।। कोरोना काल में छोटे बच्चों को फुटबॉल के हुनर सिखाने वाले उभरते कोच तौकीर कुरैशी और एनडीएससी क्लब के कप्तान शिवांश बहादुर सिंह बाबा को अथर्व



अपना आयडल मानते हैं।। वे अपने इस उपलब्धि का श्रेय अथर्व सिंह कन्हैया पटेल, जिला क्रीड़ा अधिकारी जिला केसीजी, न्यू दन्तेश्वरी सपोर्टिंग क्लब के कोच ज़मीर कुरैशी को देते हैं।। बता दें कि अथर्व सिंह के पिता अभिलेख सिंह वर्तमान में सहायक ग्रेड 2 के पद पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला केसीजी में कार्यरत है, जो अपने समय के जाने-माने फुटबॉल खिलाड़ी, कप्तान और क्लब के सचिव तथा वर्तमान में सक्रिय सदस्य हैं।। अथर्व की माता नीलू सिंह व्यायाम शिक्षक के पद पर स्थानीय सेजेस कन्या शाला में कार्यरत है।। केसीजी जिला पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि यतेंद्रजीत सिंह卐छोटू ' के भतीजे है।।अथर्व के इस उपलब्धि पर न्यू दन्तेश्वरी सपोर्टिंग क्लब के सदस्यों, मित्रों एवं वेसलियन इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्राचार्य एस मसीह तथा शिक्षकों ने बधाई दी।

# सेवा से बर्खास्तगी सहित उच्च स्तरीय छानबीन समिति का आदेश हाईकोर्ट ने किया निरस्त

## याचिकाकर्ता का जाति प्रमाण पत्र वैध, पुनः लौटेंगी अपने काम पर

**बिलासपुर।** उच्च न्यायालय बिलासपुर की एकल बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता ललित वर्मा की सेवा बर्खास्तगी के आदेश सहित उच्च स्तरीय स्तरीय छानबीन समिति के आदेश को निरस्त करने का फैसला सुनाया है.

याचिकाकर्ता को पूर्व में जारी जाति प्रमाण पत्र को उच्च छानबिन स्तरीय समिति ने निरस्त कर दिया था जिसके बाद संभागीय संयुक्त संचालक कृषि ने याचिकाकर्ता को वर्ष 2019 में उसकी सेवा से बर्खास्त कर दिया था. याचिकाकर्ता के खिलाफकिसी ने शिकायत वर्ष 2006 में की थी कि वह फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय नौकरी कर रही है. याचिकाकर्ता है कि पिता का जन्म वर्ष 1945 में अविभाजित मध्य प्रदेश के कटनी जिले में हुआ था वहीं पर प्रारंभिक शिक्षा भी हुई थी जिन्हें वर्ष 1967 में रतलाम मध्य प्रदेश में भारतीय डाक सेवा में प्रथम नियुक्ति हुई थी तथा वर्ष 1974 से 2005 तक छत्तीसगढ़ की भौगोलिक सीमा में सेवा में रहे है. इनकी जाति कोरी अनुसूचित जाति है जो मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की जाति सूची में शामिल है. याचिकाकर्ता का जन्म 1973 में मध्यप्रदेश में इटारसी में हुआ था तथा वह 1974 में अपने माता-पिता के साथ छत्तीसगढ़ बिलासपुर में रह रही है. यही उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई है. वर्ष 1992 में याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति कोरी का जाति प्रमाण पत्र तहसीलदार बिलासपुर ने जारी किया. जिसके आधार पर ही याचिकाकर्ता को वर्ष 1999 में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली थी. उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने याचिकाकर्ता से 10/08/1950 के पूर्व के छत्तीसगढ़ राज्य की भौगोलिक सीमा में निवास से संबंधित दस्तावेजों की मॉग की, जो कि याचिकाकर्ता के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका, इसे आधार बनाया गया. और दूसरा आधार बनाया कि याचिकाकर्ता की कोरी अनुसूचित जाति का संबंध मध्यप्रदेश से है



छत्तीसगढ़ से नहीं. साथ ही तहसीलदार बिलासपुर द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया माना गया और कहॉ गया कि धारक को विहित प्रक्रिया के तहत अपने पिता/पूर्वज के मूल निवास स्थान से संबंधित सक्षम प्राधिकारी से अपना सामाजिक प्रास्थिति/जाति प्रमाण-पत्र जारी कराना चाहिए था, जो कि नहीं कराया गया है. इसलिये ललिता वर्मा को तहसीलदार बिलासपुर द्वारा जारी वर्ष 1992 के जाति प्रमाण पत्र को छानबीन समिति ने 23 फरवरी 2019 को निरस्त कर दिया. जिसके आधार पर संभागीय संयुक्त संचालक कृषि ने याचिकाकर्ता को वर्ष 2019 में सेवा से बर्खास्त कर दिया. जिसके बाद वर्ष 2019 में ही याचिकाकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय के सक्षम दो रिट याचिका दायर की. लम्बे समय के बाद याचिकाकर्ता के अधिवक्ता श्री लवकुमार रामटेके ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपना तर्क रखते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में कहॉ कि याचिकाकर्ता का संबंध अविभाजित मध्यप्रदेश से रहा है जो कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण वर्ष 2000 के पूर्व छत्तीसगढ़ में निवासरत हा तथा अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से सेवा में आयी है तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद याचिकाकर्ता की सेवायें छत्तीसगढ़ को आबंटित हुई है, तब से वह छत्तीसगढ़ में कार्यरत है. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता का तर्क रहा कि याचिकाकर्ता की जाति कोरी को राष्ट्रपति की अधिसूचना में अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता प्राप्त है व याचिकाकर्ता मध्यप्रदेश राज्य विभाजन और छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ राज्य आवंटित हुई है इसलिए उनकी सेवा शर्तें मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 रे तहत संरक्षित हैं माननीय उच्चतम न्यायालय के एक प्रकरण का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने माननीय उच्च न्यायालय को बताया कि एक बार एक व्यक्ति को अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है तो वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्स पिछड़ा वर्ग का सदस्य बन जाता है और वह राज्य के कानून के तहत प्राप्त होने वाले समस्त लाभों का लाभ प्राप्त करने का हकदार होता है. माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अपने निर्णय में कहां की केवल अपने मूल स्थान कटनी मध्यप्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया था तो वह अपनी जाति कोरी अनुसूचित जाति से संबंधित नहीं हो सकती जो उसके पिता के माध्यम से प्राप्त हुई है, ऐसा कहना गलत है इसके साथ ही माननीय उच्च न्यायालय ने उच्च स्तरीय छानबीन समिति व संभागीय संयुक्त संचालक कृषि के आदेश 2019 को रद्द कर दिया.

# दिव्यांग ममता चंद्रवंशी ने वनांचल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई

## दिव्यांग ममता चंद्रवंशी ने वनांचल में स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगढ़ विकासखंड के वनांचल ग्राम कोठीटोला में दिव्यांग ममता चंद्रवंशी के नेतृत्व में एक अनूठी पहल देखने को मिली, जहां 74 महिलाओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। इस अभियान के तहत महिलाओं ने आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों को हाथ धोने के महत्व के बारे में बताया और उनकी स्वच्छता की आदतों को सुधारने की दिशा में काम किया। आश्रित ग्राम मकरनपुर के स्कूल में भी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रधान पाठक रामेशर लाल दमाहे, शिक्षक संजय कुमार वर्मा, श्रीमती शशिकला तिराले और सविता चंद्रवंशी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी तरह ग्राम नवागांव के स्कूल में प्रधान पाठक दिलीप कुमार कौशिक, शिक्षक नरेंद्र कुमार चंद्रवंशी और रघुनंदन सिंह वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया। इस स्वच्छता अभियान की सफलता में ग्राम पंचायत कोठीटोला के सरपंच दिलीप कुमार जमकातन, सचिव मयाराम निर्मलकर, रोजगार सहायक दिलीप चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनके समर्पण और सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे गांव के लोग स्वच्छता के प्रति और अधिक जागरूक हुए हैं।

# जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने तिलई में प्राथमिक शाला अतिरिक्त भवन का किया लोकार्पण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलई में प्राथमिक शाला में निर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू के मुख्य अतिथि में किया गया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला में नव निर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता में है। बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए संसाधन भी जरूरी है, अच्छे संसाधन से ही शिक्षा का विकास होता है, वहीं शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर सरपंच मथुरा नेताम, शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश्वरी साहू, उपसरपंच सफील खान, गुलाल साहू, ईश्वर साहू, पूनम देवांगन, हेमंत नेताम, नाजरीन खान, मिथलेश चंद्रवंशी, केशव देवांगन, अमजद खान, वीरेंद्र मुक्ति, दुर्गा साहू सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, ग्रामीण उपस्थित रहे।



## नीरज विद्या मंदिर का छात्र संयोग दीक्षित राज्य खेल स्पर्धा में

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) मोहड़ के छात्र राज्य खेल स्पर्धा के लिए चयनित हुए है। कक्षा-ग्यारहवीं विज्ञान में अध्ययनरत् संयोग दीक्षित पिता श्री राजलौटन दीक्षित आगामी दिनों में जांजगीर - चांपा में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल (अंडर -19) में संस्था का प्रतिनिधित्व करेंगे यह स्पर्धा 1 सितम्बर से 4 सितम्बर तक आयोजित है। इसके पूर्व उक्त छात्र ने जोन लेवल में आयोजित स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने इस उपलब्धि के लिए छात्र संयोग को बधाई देते हुए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहा कि आज के दौर में खेल` जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और खेल गतिविधियों में पूरी ऊर्जा के साथ भाग लेने की अपील छात्र-छात्राओं से कीं। प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताते हुए संस्था के विद्यार्थियों से प्रेरणा हासिल करने को कहा। उन्होंने संस्था की खेल सुविधाओं को बेहतर बताते हुए विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाने कहा। उक्त छात्र की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्री समीर पोद्दार, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक श्री जी. राम सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी -अपनी शुभकामनाएँ दी। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में खेल शिक्षक लक्ष्मण राव कदम ने दी।

## निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मोहारा क्षेत्र के राईस मिलों का भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड से किये मिलान

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के तहत आज सुबह मोहारा क्षेत्र के राईस मिलों में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके तथा अधिकारियों के साथ जाकर भौतिक सत्यापन कर पूर्व डिमाण्ड से मिलान कर नया डिमाण्ड तैयार करने राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन को निर्देशित किये। वही अपरान्ह में राजस्व विभाग की बैठक लेकर डिमाण्ड दुरूस्तीकरण अभियान की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि सभी उप अभियंता एवं राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक कार्य में तेजी लाकर डिमाण्ड दुरूस्त करे।

आयुक्त श्री गुप्ता प्रतिदिन वार्डो में चल रहे डिमाण्ड दुरूस्तीकरण अभियान में स्वयं पहुॅच डिमाण्ड से मिलान कर टीम को दिशा निर्देश दे रहे है, जिसके तहत आज उन्होंने मोहारा क्षेत्र के राईस मिलों में जाकर भौतिक सत्यापन किये वही अपरान्ह में गठित दल की क्षेत्रवार अलग अलग जानकारी लेकर अब तक किये गये डिमाण्ड संख्या देख संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी दल डिमाण्ड पंजी लेकर जायेगे जिससे डिमाण्ड के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा सके, वार्डो में जाने के अलावा राजस्व प्रभारी राजस्व वसूली करना भी सुनिश्चित करेंगे।

**शुभांक**

1-2-9

259-6 159-5

# आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय से पानी निकासी बन्द

**बदबू से परेशान**

**शौच के लिए बाहर भेज देते हैं बच्चे**

**डोगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नैनीहालो को शिक्षा एवं उचित देखभाल करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। बच्चों को आंगनबाड़ी में अच्छी शिक्षा के साथ पोषण आहार उपलब्ध शासन कर रही है ।वहीं छोटे बच्चों की शौचालय सहित देखभाल करने के जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को दी गई है। ग्राम-बुद्धू भरदा की आंगनवाड़ी में पिछले 3 माह शौचालय से पानी निकासी बन्द होने से बदबू से परेशान हैं शौचालय करने केंद्र से बाहर बच्चों को भेजने का मामला प्रकाश में आया है। आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय कीउचित व्यवस्था होनी चाहिए ग्राम बुद्धू भरदा के पालको ने अपनी बच्ची को आंगनबाड़ी में शौच नहीं करने का आरोप केंद्र के कार्यकर्ता पर लगाया है आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर शौचालय होने उन्होंने अपनी बच्ची को खुद कराया बच्चों को केंद्र के बाहर छोड़ दिया जाता है ग्राम बुद्धू भरदा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में कार्यकर्ता रोहिणी साहू एवं सहायिका चंन्द्रिका साहू पदस्थ है ग्राम के पालक ने आंगनबाड़ी केंद्र पर उचित देखभाल एवं बच्चों के लिए समुचित व्यवस्था की मांग शासन प्रशासन से की है ।ग्राम के सरपंच रोशन बंजारे सचिव जंतु दामले को भी जानकारी दी गई है परंतु सरपंच सचिव द्वारा 3 माह बीत जाने के बाद भी शौचालय बंद पड़ा है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहणी साहू का कहना है कि इस शौचालय के बारे में ग्रामवासियों और सरपंच सचिव तथा शिविर में जानकारी देने के बाद कोई बनाया नही है बंद शौचालय के लिए अभी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हुई है।

ग्राम बुद्धू भरदा के आंगन बाड़ी केंद्र में पिछले 3 माह से बंद की सूचना मेरे पास नहीं आई है मैं सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी लेकर तत्काल चेक करवा हू। साथ ही बंद शौचालय को शीघ्र ही सुधार किया जाएगा।

**वीरेंद्र साहू महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी**

## खैरागढ़ कालेज में रेड रिबन क्लब की उन्मुखीकरण बैठक संपन्न

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में दिनांक 30-08-2024 शुक्रवार को रेड रिबन क्लब की वार्षिक उन्मुखीकरण बैठक प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे, रेडक्रास प्रभारी जे.के. वैष्णव, रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. सुरेश आडवानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे ने कहॉं कि वर्तमान समय में एच.आई.वी.एड्स जान लेवा बीमारी है। जिससे मनुष्य के शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है। और शरीर विभिन्न तरह के रोगो का शिकार हो जाता है। अत: जागरूकता एंव बचाव ही इसका उपाय है। रेडक्रास प्रभारी जे.के.वैष्णव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एच.आई.वी.एड्स कैसे होता है एवं इसके सुरक्षा एवं बचाव के बारे में समस्त छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया साथ ही सुरक्षा एवं बचाव ही इस एक मात्र इलाज है। एच.आई.वी.एड्स कैसे होता है इसके संबंध में जाने एवं समाज में इसके बचाव के लिये जागरूकता फैलाऐं। साथ ही भारतीय जीवन शैली अनुसार जीवन जीने पर हम किसी भी प्रकार के बीमारी से हम ग्रसीत नहीं होंगे। रेड रिबन क्लब के महत्व को बताते हुए जागरूकता संबंधी निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, स्लोगन, रैली आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदान की। रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. सुरेश आडवानी ने एच.आई.वी. एवं एड्स क्या है, कैसे होता है इस संबंध में विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बताया एवं उन्होने कहा कि यदि समय रहते इस बीमारी का पता चल जाये तो इसका इलाज किया जाता है एवं मरीज स्वास्थ्य जीवन जी सकता है। सभी सरकारी अस्पतालो में इसका उपचार किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रो. सुरेश आडवानी ने किया।



## लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी कन्या शाला में स्कूली सामग्री का वितरण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** इंटरनेशनल एसोसिएशन, लायंस क्लब के तत्वाधान में विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु विद्यार्थियों को आवश्यक स्कूली सामग्री प्रायोजित कर प्रतिवर्ष अगस्त माह में स्कूली सेवा कार्य सार्वत्रिक की जाती है, इसी कड़ी में भारती कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला,भरका पारा राजनांदगांव में कार्यक्रम रखा गया द्य प्रकल्प प्रभारी लायन रोहित वर्मा के संयोजन के साथ लायन अशोक पवार एवं वरिष्ठ लायन अनीता जैन के व्यवस्थापन में प्राचार्य श्रीमती अंजलि शुक्ला का विशिष्ट योगदान सराहनीय रहा। लायन कमल किशोर साहू के मंच संचालन एवं आगंतुकों का परिचय एवं अभिनंदन के साथ लायन शोभा चौरसिया का जन्मदिन बच्चों को भेंट स्वरूप मिठाई, चॉकलेट, वॉटर बॉटल गिफ्ट कर मनाई गई । स्टेशनरी सामग्री स्कूल स्टाफ के मान्यवर सावित्री सिंह, पुष्पलता चंद्राकर, हेमकुमारी साहू, चंचल चंद्राकर, पूजा सोनकर, विद्या गुप्ता के हाथों किट वितरण कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित की गई। लायंस डिस्ट्रिक ?ट् ? 3233 सी के अंतर्गत लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के लायन तरणदीप सिंग 'गोल्डी' अरोरा की अध्यक्षता में सेवा प्रकल्प में क्लब के लायन मनोज अग्रहरि गुप्ता, लायन रमेश गुप्ता, सचिव लायन डॉ गिरीश श्रीवास्तव, लायन सुरेश शर्मा के उपस्थिति में संपन्न हुआ।



# तिरंगा मंडल की इस वर्ष पौराणिक झांकी : कार्यकारिणी गठित

## पंकज गुप्ता अध्यक्ष संरक्षक सागर चिलांग्या, गणेश शर्मा गन्नू सर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी की गणेश विसर्जन झांकी में अपनी अलग पहचान रखने वाली व 1981 से अनवरत 43 वर्षों से झांकियों में बेहतरीन प्रस्तुति देने वाली झांकी श्री तिरंगा मंडल द्वारा इस वर्ष पौराणिक धार्मिक विषय पर तीन जीपो के साईज की झांकी प्रस्तुत की जायेगी। ज्ञातत्व है कि छत्तीसगढ़ी लोक कला सांस्कृति की झांकी जनक, देशभक्ति, लोक कला, संस्कृति, सामाजिक, धार्मिक विषयों पर लोकप्रिय झांकियो की प्रस्तुति तिरंगा मंडल की हमेशा रहती है। जो की पूर्ण रूप से स्थानीय कलाकारों द्वारा संस्कारधानी नगरी में ही बनाई जाती है। पिछले वर्ष भी तिरंगा मंडल द्वारा माँ पाताल भैरवी के सजीव चित्रण की झांकी प्रस्तुत की गई थी, जो कि सर्वाधिक लोकप्रिय रही थी। इस हेतु समस्त व्यवस्था हेतु सर्व सम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई है। जिसमें मुख्य संरक्षक सागर चितलांग्या, झांकी निर्देशक,मार्गदर्शक गणेश शर्मा, गन्नू सर तथा अध्यक्ष का दायित्व पुन: पंकज गुप्ता को दिया गया है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानी मेश्राम संरक्षकगण - सागर चितलांग्या, गणेश शर्मा गन्नू सर, विवेक वासनिक, दिपक शर्मा,शिव अग्रवाल, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, संयोजक-जितेश सिमनकर, अशोक अग्रवाल, विकास झाबक, उपाध्यक्ष- राजेश बाघमारे, राजेश पंचभाई, कोषाध्यक्ष- दिनेश खापर्डे, सचिव- संघप्रिय वासनिक, रजत भोईर पिन्टू, सहसचिव- संपत गुप्ता, शशांक भौतमांगे, अखिलेश ठावरे, प्रचार-प्रसार प्रभारी- राहुल गौतम, संदीप सोनी, विष्णु सिन्हा, पूजा प्रभारी- चंद्रकांत सोनी, पं. सृष्टि नारायण। विसर्जन झांकी प्रभारी - युगल किशोर शर्मा, हेमंत सोनपिपरे, मनीष सिमनकर, गणेश गुप्ता, हेमंत साहू, श्रेय गुप्ता,नीलम मेश्राम, सुरेश डेकाटे, अनुज चौथवानी, गंगा प्रसाद सिन्हा, मोहसिन कुरैशी, नेता सोनवानी, अनिवेश खापर्डे, जीतू यादव, गणेश बिसने, प्रदीप हेड़ाऊ, रमेश पालीवाल, निखिल मंगवानी आदि शामिल है। तिरंगा मंडल के पंकज गुप्ता, जितेश सिमनकर, ज्ञानी मेश्राम, दिनेश खापर्डे, राजेश बाघमारे, रजत भोईर ने संस्कारधानी के समस्त झांकी प्रेमियों से हर वर्षानुसार मंडल की झांकी को सहयोग करने व शामिल होने का आग्रह किया है।



nandgaon times sep-01-3.qxd 8/31/2024 10:33 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) ऑस्ट्रेलिया की विश्व विख्यात सोने की खानें कौन-सी है?*
*2) हब्बल पैरामीटर का मात्रक किस इकाई का व्युत्क्रम होता है?*
*3) रेडियोएक्टिव कणों की उपस्थिति का पता लगाने, उनकी ऊर्जा को मापने आदि के लिए किसका उपयोग किया जाता है?*
*4) हाल ही में 24 वां अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा पुरस्कार समारोह कहाँ आयोजित किया गया?*
*5) हाल ही में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक कौन बने हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कालगुर्ली और कूलगार्डी (2) समय (3) अभ्रकोष्ठ (4) दुबई (5) गोपीचंद थोटाकुरा

# पोला -त्रि दिवसीय लोक पर्व

पोला छत्तीसगढ़ का प्रमुख पारंपरिक लोक पर्व है ।यह प्रतिवर्ष भादो माह के अमावस्या तिथि को मनाया जाता है । पोला को छत्तीसगढ़ में पोरा बोलते हैं। इसे पोला - पिठौरा, कुशोत्पाटिनी नाम से भी जाना जाता है । लोक पर्व प्राय: मौखिक (अलिखित) रूपों में ही मिलता है। कथा, कहानी, किवंदतियों का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता। किंतु कृषियुगीन ,मानव सभ्यता ,संस्कृति से अछूता नहीं है। त्यौहार ग्रामीण जन जीवन व्यवस्था को सुसंगठित बनाए रखता है। जहां आपसी भाईचारा संतुलित रूप से परिलक्षित होता है । गांव त्योहारों की जननी है । जिसका अनुकरण शहर वाले करते हैं । यहां गांव की त्यौहार कृषकों से जुड़ा हुआ है । जो अक्ती पर्व बीज परीक्षण से शुरू होकर गांव बनाई ,छेरछेरा पुन्नी तक चलता है । जैसे-जैसे फसलें बढ़ने लगती है वैसे-वैसे ही त्योहारों का क्रम चलता रहता है । पोला का पर्व छत्तीसगढ़ में प्रमुख रूप से तीन दिनों तक का होता ।जैसे दिवाली दिवाली पांच दोनों का होता है। आईए पोला के इन तीन दिनों को जानने का प्रयास करते हैं -

(1) गरभ बनई - गर्भही (गर्भधारण) ग्रामीण कृषक पोला के एक दिन पूर्व रात्रि को गांव के माता - देवाला में जाकर गरभ बनई गर्भधारण की विधि- विधान पूर्वक बैगाओं के माध्यम से मिलजुलकर पूजा करते हैं ,जिसे गरभ बनई का कार्यक्रम कहा जाता है । गर्भधारण की प्रक्रिया बाल्यावस्था एवं वृद्धावस्था में नहीं किया जा सकता यह क्रिया युवावस्था में ही मादा पेड़- पौधे, जीव- जंतु ,मनुष्य, पशु - पक्षियों में संभव है। प्रकृति और रसायन में अंतर है ,प्राकृतिक रूप से तैयार हुए पौधे एक निश्चित समयावधि में फलने - फूलने लगता है । वह बात अलग है कि, आज के रासायनिक युग में बारहों माह गोभी ,भाटा, टमाटर ,लौकी कुम्हड़ा निकाल लिए जाते हैं। (2) पोरा तिहार - पोर यानी फूटना, पोटारना पूर्ण रूप से परिपक्व हुए फसल जो नए बीजों को उत्पन्न करने के लिए तैयार है। जिसे पोटरई कहा जाता है इस खुशी में मनाए जाने वाले त्योहार को पोरा कहते हैं ।पोरा हरेली पर्व के ठीक एक महीना बाद भादों के अमावस्या तिथि को मनाया जाता हैं ,इस दिन मिट्टी के खिलौने के माध्यम से भावी पीढ़ी को परंपरा को सहेजें रखने हेतु खेल-खेल में गृहस्थ जीवन



की शिक्षा प्रदान की जाती है । बेटी और बेटों की कार्यों का निर्धारण किया जाता है ,मिट्टी से बने बालिकाओं के खिलौने जैसे पोरा जांता, चूल्हा, चुकी,गंजी, कढ़ाई रसोई यंत्र सम्मिलित है। वही बालकों के लिए मिट्टी के बैल खरीदे जाते हैं । इस मिट्टी के खिलौने का विधि - विधान पूर्वक पूजा अर्चना करके बच्चों को खेलने के लिए दे दिया जाता है ,इसका संदेश यह है की बालिकाएं बड़े होकर घरेलू कार्य करेंगी ,वहीं बालक खेतों में हल चलाएंगे। इस त्यौहार की शुभ अवसर पर ग्रामीण महिलाएं छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी ,खुरमी ,चौसेला, मुठिया ,गुजिया भजिया बनाती है । इन्हीं व्यंजनों का भोग घर के पुरुष गण सेवा अर्जी के साथ मिट्टी के खिलौने और देवी- देवताओं में चढ़ाते हैं ।पश्चात घर के सभी सदस्य इसे बांटकर खाते हैं । ठेठरी ,खुरमी छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय प्रसिद्ध व्यंजन है। (1)नारबोद - इस शब्द का आशय ढुनार + बोद =नारबोद। नार= गांव, बोद=बोझ, रोग, दोष। अर्थात गांव की रोग दोष का निवारण करना। इस दिन गांव के सभी प्रकार की जादू- टोना, टोटका, रोग - राई,सर्दी खांसी को गांव की सीमा, सरहद से बाहर छोड़ आने का संदेश दिया जाता है। इस दिन हरेली से पोरा तक बच्चों के द्वारा खेले गए गेड़ी का विसर्जन किया जाता है। गांव के हुमदेवा हांक (मुनादी) पारकर बुलाते हैं। बच्चे इकट्ठा होकर गेड़ी चढ़कर गांव में घूमकर रोग भगाने का नारा लगाते हैं । खाट के रस्सी को परिवार के सदस्य संख्या अनुसार गांठ बांधकर टोटका दूर करते हैं,और गांव की सीमा में ले जाकर सड़ो देते हैं। ग्रामीण कृषक इस दिन भेलवा वृक्ष के डाली को लाकर खेतों में गाड़ देते हैं। जिसमें सूक्ष्म जीव कीड़े मकोड़े चिपक जाते हैं। ठीक उसी डाली पर चिड़ियां जाकर बैठने लगती हैं और खेत की कीट, पतंगों ,मकड़ी कीड़ों को खाकर नष्ट कर देते है। इस प्रकार से प्रकृति, संस्कृति ,विज्ञान ,संस्कार, परंपरा निर्वहन,मनोरंजन और व्यंजन का पर्व है - पोला। यह सभी बातें मैंने जो देखा और सुना है उसे लिखा है अलग-अलग क्षेत्र की अलग-अलग रीति-रिवाजें, परंपराएं हो सकती है।

**मदन मंडावी**
**द्वारा, डोंगरगढ़,राजनांदगांव।**
**मो - 7693917210**

## जिला स्थापना के अवसर पर आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन 2 सितंबर को

**मोहला।** जिला स्थापना दिवस 2 सितंबर के अवसर पर आकांक्षी जिला के अंतर्गत संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में प्रात: 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के सांसद श्री संतोष पाण्डेय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मोहला मानपुर श्री इंद्रशाह मंडावी करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा खुज्जी के विधायक श्री भोलाराम साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष श्री दिनेश शाह मंडावी, जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष श्री लगनू राम चंद्रवशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी, श्रीमती कुमारी बाई जुरेशिया,जिला पंचायत सदस्य श्री नरसिंह भण्डारी, श्रीमती राधिका अंधारे, श्री अरुण कुमार यादव, श्री वीरेंद्र कुमार मसीया, श्री राम भगवान चंद्रवंशी, सरपंच ग्राम पंचायत मोहला श्रीमती सरस्वती ठाकुर उपस्थित रहेंगे ।

## संत कबीर धार्मिक कर्मकांड, जातिवाद और पाखंड का हमेशा विरोध किया - हारुन मानिकपुरी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संत कबीर साहेब 15 वीं शताब्दी के क्रांतिकारी कवि, समाज सुधारक थे। वे ऐसे कवि व संत थे। जिन्होंने



आर्थिक अभाव में रहते हुए धार्मिक कर्मकांड, जातिवाद और पाखंड का विरोध किया था। जुलाहे के रूप में अपनी आजीविका के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने एक निडर सामाजिक आलोचक की भूमिका को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ा था। कबीर के भजनों की खूबी यह है कि 6 सौ साल बाद भी वे जनसामान्य में कई रुपों में मौजूद हैं। कबीर पंथ को मानने वाले पनिका समाज के हारुन दास कहते हैं कि पनिका समाज का संपूर्ण क्रियाकलाप कबीर साहेब के बताए मार्ग अनुसार चलते हैं चाहे भोजन, भजन, जन्म, मृत्यु, षष्ठी, बरही, आदि कार्यों में चौका आरती, कबीर भजन, कबीर सत्संग,भजन संध्या आदि कराया जाता है। चौका आरती कबीर पंथी महंत दिवानों, और कुल गुरु के द्वारा संपन्न होता है। पहले के और अब कबीर भजन गायन वादन में कुछ बदलाव आया है। पहले इकतारा, करतार, खंजरी, मंजीरा जैसे वाद्ययंत्रों से कबीर भजन गाए जाते थे। लेकिन अब इसमें कई वाद्ययंत्र जुड़ गए हैं। तम्बुरा, हारमोनियम, वायलिन,ढोलक,झांज , मंजीरे ने नया रूप दिया है। हर साल कबीर जयंती के एवं अन्य अवसर पर कबीर पंथियों के गायन, वादन, भजन, संकीर्तन देखने लायक रहता है। जगह-जगह भव्य कार्यक्रम होते हैं। यह कहा जा सकता है कि कबीर के 6 सौ वर्षों बाद भी कबीर धारा बह रही है। संत कबीर साहेब आज भी कबीर पंथियों में जीवंत है। जो नियमित तौर पर उन्हें गाते हैं, सुनते हैं और गुनते है। उसमें कुछ जोड़ते हैं और आगे बढ़ते हैं। कबीर से सीख लेते हैं, खुद बदलते हैं और दूसरों को यही संदेश देते हैं। संत कबीर मनुष्य को इंसानियत, और भाईचारा सिखाती है।

## निषाद समाज का बैठक आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक आज 1 सितम्बर 2024 रविवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष व संरक्षक हीराभाई निषाद महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है । समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जायेगा । क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है । जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

# आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जिले में विभिन्न प्रकार की वात-व्याधियों का ईलाज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जिले में विभिन्न प्रकार की वात-व्याधियों का ईलाज किया जा रहा है। शासन के आयुष मिशन के तहत ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मास्कुलर डिसऑर्डर के पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में आयुष पॉली क्लीनिक आयुष विभाग में जनसामान्य का नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वात-व्याधियों, वात रक्त, स्पॉडिलाईटिस, ऐड़ी में दर्द के लिए



जनसामान्य में जागरूकता, रोकथाम एवं उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है। असम्यक जीवन शैली एवं कार्यशैली के कारण यह व्याधि होती है। इसके लक्षण दिखाई देने पर तुरंत ईलाज करने से तथा जीवन शैली एवं कार्य शैली में आवश्यक बदलाव किया जाए, तो इस व्याधि के आगे बढने, शल्य क्रिया एवं दिव्यांगता से हाफी हद तक बचाव किया जा सकता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय के मार्गदर्शन में अर्थराईटिस की रोकथाम के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी आयुष पाली क्लीनिक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने बताया कि यहां मरीजों का ईलाज अश्वगंधा, लक्षादि गुग्गलु, दशमूल काढ़ा, नारायण तेल एवं अन्य दवाईयां दी जा रही है। दीनदयाल नगर चिखली निवासी श्री रविराम सेन ने बताया कि उनके घुटने में दर्द था और पिछले कुछ दिनों से यहां ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले घुटने में दर्द के कारण बैठने में तकलीफहो रही थी। दवाई और काढ़ा से आराम मिला है। चिखली निवासी श्रीमती गायत्री यादव ने बताया कि उन्हें दो साल से कमर से लेकर पैर तक दर्द होता था और वह पिछले चार माह से यहां ईलाज करा रही हैं। अब उन्हें लगभग 90 प्रतिशत आराम मिला है। दवाई और मसाज से ज्यादा अच्छा फायदा मिला है। पहले घरेलू कार्य करने में उनको समस्या हो रही थी। उन्होंने बताया कि ईलाज के बाद अब राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि जीवन शैली ठीक नहीं होने के कारण सर्वाइकल स्पोंडिलाईटिस, फ्रोजेन शोल्डर, आस्टियोअर्थराइटिस एवं एड़ी का दर्द जैसी बीमारियां हो रही हैं। प्रतिदिन घंटो लगातार कम्प्यूटर पर काम करने, टीवी देखना, पढना या अन्य कार्य जिसमें गर्दन को लम्बे समय तक झुकाना पड़ता है, गलत तरीके से सोना या ऊँचे तकिये का उपयोग भविष्य में सर्वाइकल स्पॉडिलाइटिस का कारण हो सकता है। जिससे गर्दन में दर्द जकड़ाहट चक्कर आने की शिकायत हो सकती है। एक या दोनों हाथों के कंधे में दर्द व सम्यक गति का न होना फ्रोजेन शोल्डर कहलाता है। इसमें कंधे के ऊपरी बाँह में दर्द, मांसपेशी में जकडन, जिससे दैनिक कार्य करने में कठिनाई होती है। ऑस्टिओऑर्थराइटिस में एक या अधिक जोड़ो में लगातार या रूक-रूक कर दर्द , पैरों को मोडने एवं जमीन पर बैठने में परेशानी एवं जोड़ो में जकड़ाहट होती है, ये प्राय: अधिक उम्र के लोगों में देखा जाता है। रागी सिंघाड़ा, मखाना दूध से बने पदार्थ जिनमें कैल्शियम अच्छी मात्रा में हो का सेवन करें।

## 2 को वार्ड नं. 37,38 व 39 में, 3 को वार्ड नं0 20,21 व 22 में तथा 4 सितम्बर को वार्ड नं. 24,25 व 26 में शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 2 सितम्बर को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंजपारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में, हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में, 3 सितम्बर को रविदास वार्ड न . 20 के लिये पेन्ड्री स्कूल में, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेण्ड्री में रेवाडी आशानगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में एवं 4 सितम्बर को गुरू गोविंद सिंह वार्ड नं. 24 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 25 के लिये पुत्री शाला में व सूर्यमुखी देवी वार्ड नं. 26 के लिये सत्यनारायण धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रात: 11: 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जून 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# प्रधानपाठक ढाल सिंह निषाद को सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार, संकुल धामनसरा के प्रधानपाठक ढाल सिंह निषाद जी सेवानिर्वित्त हो गए। जिनके लिए बिदाई समारोह का आयोजन शाला विकास समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। प्रधानपाठक ढाल सिंह निषाद 1982 से 1986 तक शासकीय प्राथमिक शाला डूडिया (ऊपरवाह) में सहायक शिक्षक के रूप में सेवा दिए। सन 1986 से 1988 तक बीटीआई डोंगरगांव में रहे। सन 1988 से 2008 तक शासकीय प्राथमिक शाला मलपुरी में सहायक शिक्षक के रूप में सेवा दिए। मलपुरी से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होकर सन 2008 से 2024 तक शासकीय प्राथमिक शाला में अपनी सेवा दिए। शिक्षा, खेल, संस्कृति कार्यक्रम और असाक्षर लोगो को साक्षर करने और जागरूक करने के लिए



उन्होंने गांव ढ्रूगांव जाकर रात्रि में साक्षरता का कार्यक्रम चलाए , जिसके लिए लोग उन्हें हमेशा अपने दिलों में याद रखेंगे। बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया। सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक ढाल सिंह निषाद द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया ।बिदाई समारोह में ग्राम मुड़पार के सरपंच श्रीमती कलेंद्री यादव , उपसरपंच जितेंद्र साहू, माध्यमिक शाला के शाला प्रबंधक अध्यक्ष ओकेश साहू, उपाध्यक्ष जीवन साहू, प्राथमिक शाला के शाला प्रबंधक डामिन साहू, उपाध्यक्ष पीतांबर दास साहू, संकुल प्रभारी मसीह सर, संकुल समन्वयक प्रकाश देशमुख, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गज्जू राम अमृत, युवराज यादव, सचिन साहू, परमेश्वर साहू, लोकेश्वरी, खोमू राम साहू, माणिकचंद साहू, हरिनारायण साहू, लक्ष्मण साहू शिक्षक - चिंता राम साहू, श्रीमती माधुरी सिदार,श्रीमती सविता बोगा, सुनील सवाई, कु.हमीदा बनो, श्रीमती डीलेश्वरी पाटिल, डोमार सिंह , छनेंद्र कुमार साहू, देशमुख, शत्रुहन भूआर्य, सेवानिर्वित शिक्षक टेक राम साहू, स्वीपर अन्नू यादव , रोहित साहू एवं बड़ी संख्या में ग्राम मुड़पार और मलपुरी के ग्रामवासी सम्मिलित हुवे। मंच संचालन शिक्षक छनेंद्र कुमार साहू के द्वारा किया गया।

## धर्म समाचार....

# कब है तुला संक्रांति ? नोट करें शुभ मुहूर्त, महत्व एवं योग

यह पर्व सूर्य देव के राशि परिवर्तन की तिथि पर मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर सूर्य देव की उपासना की जाती है। साथ ही पूजा जप-तप और दान-पुण्य किया जाता है। धार्मिक मत है कि सूर्य देव की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही करियर और कारोबार को नया आयाम मिलता है। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य देव को आत्मा का कारक माना जाता है। सूर्य देव की कृपा से जातक को आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है। साथ ही करियर और कारोबार को नया आयाम मिलता है। ज्योतिष भी करियर में मन मुताबिक सफलता पाने के लिए सूर्य देव की पूजा करने की सलाह देते हैं। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने की तिथि पर संक्रांति मनाई जाती है। सूर्य देव के तुला राशि में गोचर करने की तिथि पर तुला संक्रांति मनाई जाएगी। आइए, तुला संक्रांति तिथि का शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं-

**सूर्य राशि परिवर्तन**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, आत्मा के कारक सूर्य देव 17 अक्टूबर को सुबह 07 बजकर 42 मिनट पर कन्या राशि से



निकलकर तुला राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में सूर्य देव 15 नवंबर तक रहेंगे। इसके अगले दिन 16 नवंबर को सूर्य देव राशि परिवर्तन करेंगे। इससे पूर्व सूर्य देव 23 अक्टूबर को स्वाति और 06 नवंबर को विशाखा नक्षत्र में गोचर करेंगे।

**तुला संक्रांति शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, तुला संक्रांति तिथि पर पुण्य काल सुबह 06 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 11 बजकर 41 मिनट तक है। वहीं, महा पुण्य काल सुबह 06 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 09 बजकर 47 मिनट तक है। साधक पुण्य काल के दौरान गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान कर पूजा, जप-तप और दान-पुण्य कर सकते हैं। तुला संक्रांति के दिन महा पुण्य काल 3 घंटे और 23 मिनट का है।

**तुला संक्रांति शुभ योग**

तुला संक्रांति पर हर्षण योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन देर रात 01 बजकर 42 मिनट पर होगा। वहीं, सर्वार्थ सिद्धि योग दिन भर है। इसके साथ ही शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण शाम 04 बजकर 56 मिनट से हो रहा है।

## राधा अष्टमी पर प्रीति योग समेत बन रहे हैं कई मंगलकारी संयोग, प्राप्त होगा दोगुना फल

धार्मिक मत है कि राधा रानी की पूजा करने से साधक के जीवन में खुशियों का आगमन होता है। साथ ही सभी प्रकार के बिगड़े काम बन जाते हैं। राधा रानी की कृपा से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस शुभ अवसर पर साधक भक्ति भाव से श्रीजी की पूजा करते हैं। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखते हैं। हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर राधा अष्टमी मनाई जाती है। यह पर्व श्रीजी यानी राधा महारानी को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर राधा रानी संग भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही साधक मनचाहा वर पाने के लिए राधा रानी के निमित्त व्रत रखते हैं। धार्मिक मत है कि राधा रानी संग भगवान कृष्ण की पूजा करने से साधक की सभी प्रकार की मनोकामनाएं



पूर्ण होती हैं। ज्योतिषियों की मानें तो राधा अष्टमी पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान कृष्ण संग राधा रानी की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 सितंबर को रात 11 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और 11 सितंबर को रात 11 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अत: 11 सितंबर को राधा अष्टमी मनाई जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो राधा अष्टमी पर प्रीति योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन रात 11 बजकर 55 मिनट पर होगा। इसके बाद आयुष्मान योग का संयोग बन रहा है। इस शुभ अवसर पर रवि योग का निर्माण रात 09 बजकर 22 मिनट से हो रहा है। वहीं, समापन सुबह 06 बजकर 05 मिनट पर होगा। इसके अलावा, राधा अष्टमी पर भद्रावास योग का संयोग बन रहा है। इस योग का समापन सुबह 11 बजकर 35 मिनट तक है। इस योग में राधा रानी की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

nandgaon times sep-01-3.qxd 8/31/2024 10:33 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# झारखंड में मोदी की गारंटी पर होगी भाजपा की जीत

## सांसद संतोष पांडे ने झारखंड की बैठक में दिलाया पक्का भरोसा, बजी तालियां

**राजनंदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा की जीत पर विचार विमर्श करने प्रवासी भाजपा नेता नेत्रियों की बैठक रांची झारखंड के प्रदेश भाजपा कार्यालय में विगत दिनों संपन्न हुई। जिसमें राजनंदगांव सांसद संतोष पांडे ने दमखम दिखाते हुए कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के मिले-जुले प्रयास से झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अवश्य मोहर लगाएगी और जीत बीजेपी की ही होगी। उनके इस प्रबल आत्मविश्वास का उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। जातव्य है कि राजनादगांव आज झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यालय में



झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के प्रवासी कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित

हुआ। बैठक में माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं असम के माननीय मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा जी के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, कार्यक्रमों और विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सभी प्रवासी प्रभारी सहित अन्य प्रदेश से आए प्रवासी प्रभारियों एवं झारखण्ड प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ चुनाव व संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा कर रुपरेखा तय की गई।सांसद संतोष पांडेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर सब कार्यकर्ता मिलकर झारखंड चुनाव भाजपा जीतेगी।

# अवैध मुरुम खनन पर राजस्व विभाग की कार्यवाही



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में हो रहे अवैध उत्खनन को रोकने चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के दिशानिर्देश पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर व राजस्व अमला सहित डोंगरगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने रेडमार कार्यवाही में मुरुम का अवैध उत्खनन व परिवहन करते डोंगरगढ़ से लगे ग्राम बछेराभांठा में 03 हाईवा व 01 जेसीबी मशीन को जप्त बना कार्यवाही की गई है। बताया जाता है क्षेत्र में इन दिनों अवैध उत्खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है वहीं ग्राम बछेराभांठा में भी कई दिनों से अवैध उत्खनन की शिकायत मिल रही थी और शिकायत मिलने के बाद पूर्व में भी लगाम कसने रात्रि को रेडमार कार्यवाही की गई थी पर सफलता हाथ नहीं लगी थी। खनन माफिया रात की बजाए दिन में गाड़ी लगा कर खनन किया जा रहा था जिसकी शिकायत एसडीएम से की गई और तत्काल टीम बना मौकास्थल पर पहुँच रंगे हाथ खनन कर रहे वाहनों को पकड़ा गया है। तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलने पर राजस्व अमला और पुलिस की टीम के सहयोग से ग्राम बछेराभांठा में अवैध उत्खनन व परिवहन करने वाले वाहनों का जप्ती बना पुलिस थाना को सुपुर्द किया गया है। जिसमें दो हाईवा वाहन लेखु साहू निवासी बेलगाँव व एक हाईवा व एक जेसीबी वाहन श्याम अग्रवाल निवासी डोंगरगढ़ के है। इन जप्त वाहनों पर खनिज विभाग के नियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# डोंगरगांव में आज तीज मिलन समारोह

## महिलाओं का खेलकूद प्रतियोगिता भी होंगे



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां कर्मा महिला मंडल डोंगरगाव के द्वारा 1 सितंबर को तीज मिलन समारोह का कार्यक्रम मां कर्मा भवन मटिया में सुबह बजे से संध्या 5 बजे तक रखा गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यमला साहू अध्यक्ष महिला प्रदेश साहू संघ अध्यक्षता जयश्री साहू समाज सेविका होंगे तीज मिलन समारोह में महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता भी होंगे साथ ही पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा एक दिवसीय तीज मिलन समारोह और खेलकूद प्रतियोगिता में नगर साहू समाज की हंसू साहू महेश्वरी गंजीर चंद्रकांति साहू रेणुका साहू ने महिला सामाजिक कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।

# बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा गणेश उत्सव समिति गठित

## संयोजक संदेश जैन , प्रशांत अग्रवाल रवि शर्मा , मेरी संस्कृति मेरा आधार बाल रत्न मंच गणेश उत्सव की पहल

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति गौ सेवा रथ दो रोटी , सेवा कार्यों में एक विशिष्ट पहचान रखती है संस्था द्वारा इस वर्ष गणेश उत्सव सेवा समिति का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल को बनाया गया उन्होंने अपनी कार्यकारिणी इस प्रकार गठित की है हमारे आशीर्वादक वरिष्ठ सम्मानित संरक्षक गेंदमल ओसवाल , रमेश जैन छुरिया वाले, विजय अग्रवाल निर्मल शर्मा , ब्रजकिशोर सुरजन, हरीश अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल श्री किशन अग्रवाल बाबा जी सम्मानित संरक्षक श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख महापौर, अजय सिंगी , राजेश अग्रवाल , संजय अग्रवाल घनश्याम भूतड़ा, अमर लालवानी, जगदीश प्रसाद सोनी , जगमोहन यादव होंगे राकेश वैष्णव । विशेष आमंत्रित सदस्य भावेश अग्रवाल , राजेश शर्मा कमल किशोर साहू निकुंज सिंघल , प्रेरणा स्त्रोत वरिष्ठ सदस्यगण राहुल अग्रवाल मयंक शर्मा सौरभ खंडेलवाल , रितेश यादव, आयोजन समिति के संयोजक संदेश जैन, प्रशांत अग्रवाल ,रवि शर्मा , अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ,उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सचिव रोहित शर्मा सहसचिव कैलाश गुप्ता मनीष यादव, कोषाध्यक्ष करण अग्रवाल सहकोषाध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल , भंडारा प्रमुख




पीयूष शर्मा भंडारा प्रभारी शैलेश शर्मा अरविंद गुप्ता , पूजा पाठ प्रभारी लोकेश अग्रवाल महेश शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी प्रशांत कुशवाहा, श्रेयांश जोशी, प्रचार प्रमुख हर्ष अग्रवाल, आयुष शर्मा पडाल व्यवस्था प्रमुख सवी अग्रवाल , सतपाल वाधवानी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गोविंद जोशी , कार्यकारिणी सदस्य राजा गुप्ता निलेश शर्मा को बनाया गया है । अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एवं सचिव रोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष करण अग्रवाल ने बताया की मेरी संस्कृति मेरा आधार को शिरोधार्य करते हुए इस वर्ष गणेश उत्सव का 31वां आयोजन है 11 दिवसीय गणपति महोत्सव आनंद उमंग महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेश उत्सव पंडाल को भव्य आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है गणपति जी की नैनाभीराम प्रतिमा के साथ ही जगन्नाथ महाप्रभु की दिव्य भव्य झांकी सजाई जाएगी जिसमें प्रथम दिवस दिनांक 7 सितंबर श्री गणेश स्थापना , 11 सितंबर को श्री गणेश अभिषेक महा पूजा महाआरती , 12 सितंबर को 5100 दीपों से दीपोत्सव मनाया जाएगा , 14 सितंबर को गणेश उत्सव में पहली बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन , 15 सितंबर अन्नकूट महाप्रसाद भंडारा , एवं 17 सितंबर 2024 को भव्य आकर्षक शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ उत्साह पूर्ण वातावरण में गणपति विसर्जन किया जाएगा , और पुनः श्री गणपति से प्रार्थना करते हुए अगले बरस तू जल्दी आ का निमंत्रण दिया जाएगा । उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच गणेश उत्सव सेवा समिति के सचिव रोहित शर्मा ने दी ।

# पारींखुर्द स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चंद्रयान-3 चंद्रमा की धरती पर पहुंचने की तिथि को यादगार बनाने के लिए पूरे देश में 23 अगस्त 2024 को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारींखुर्द, संकुल भर्रेगांव में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। दिवस के आयोजन मे विविध गतिविधियों जैसे रंगोली, चित्रकला,प्रश्नोत्तरी मॉडल प्रदर्शन व रॉकेट लॉन्चिंग प्रयोग द्वारा चंद्रयान 3 की उपलब्धि को याद किया गया। बच्चों ने बहुत ही जिज्ञासा के साथ पुनः चंद्रयान- 3 की लैंडिंग को स्मार्ट टी.वी. द्वारा देखा गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एस. के. सेवता शिक्षिका श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता की उपस्थिति रही।

# संत्री दारू का परिवहन करते युवक पकड़ाया




**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** दिगर राज्य महाराष्ट्र से संत्री अवैध शराब के साथ आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में आबकारी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 28 अगस्त को डोंगरगढ़ आबकारी वृत अंतर्गत ग्राम बागरेकसा में महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्री शराब के अवैध रूप से परिवहन/विक्रय करने की सूचना पर डोंगरगढ़ आबकारी वृत प्रभारी उज्वल सूत्रधार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर, अजय वर्मा नामक आरोपी को पकड़कर कार की तलाशी लेने पर 25.92 बल्क लीटर संत्री शराब बरामद हुई। महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त वाहन मारुति ऑल्टो कार को जप्त कर आरोपी युवक अजय वर्मा पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59 (a) के तहत कार्यव की गई।

# बैगा पारा में नव निर्मित सतनाम भवन का सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में महापौर ने किया लोकार्पण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 33 लखोली बैगा पारा में महापौर निधि अंतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से सतनाम भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी बाई साहू, विधि एवं समान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री अमीन हुद्दा विशेष रूप से उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि, वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर सतनाम भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज बड़ा समाज है, इस समाज में बाबा गुरूघासीदास जैसे संत हुये, वही ममतामयी मिनी माता जैसी महिला हुयी जो प्रदेश की पहली महिला सांसद थी। समाज के लोग इनके आदर्श पर चलकर समाज हित में कार्य करे। प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी साहू ने कहा कि समाज वालो की मांग पर महापौर हेमा देशमुख ने अपनी महापौर निधि से 5 लाख रूपये देकर भवन का निर्माण कराया जिसके लिये में उनका समाज एवं वार्डवासियों की तरफ से आभार व्यक्त करती हूॅ और वार्ड के काम में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा करती हूॅ। नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु एवं प्रभारी सदस्य श्री अमीन हुद्दा ने भी भवन के लिये समाज वालों को बधार्ठ देते हुये बाबा गुरूघासीदास के बताये मार्गो पर चल कर समाज हित में काम करने की अपील की। कार्यक्रम के पूर्व में समाज के पं.नारायण दास राही, प्रकाश मारकंडे, धरम बघेल, डोमरूदास राही, गौकरण राही, लालचंद कुर्रे, पूनम चंद भारती, विष्णु महिलांग, सुनील डाहरे, परमेश्वर खुटारे, नरेश गेण्ड्रे, देवा चंदेल, भरत खिलाड़ी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।



तत्पश्चात अतिथियों ने गुरूघासीदास बाबा एवं मिनी माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com